Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding construction of Elivated Railway Track in Kaithal and renaming of Wahaba Railway Station as Daand Railway Station.

श्री नायब सिंह सैनी (कुरुक्षेत्र): महोदया, आपने मुझे मेरे क्षेत्र कुरुक्षेत्र की अति लोक महत्व की बात उठाने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

मैं सबसे पहले आदरणीय प्रधान मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहूंगा कि कुरुक्षेत्र हमारी एक धार्मिक नगरी है, वहां पर एलीवेटेड रेलवे ट्रैक बनाने की पिछले बजट के अंदर जो बात आई थी, उसका काम चालू हो गया है । मैं उसके लिए सरकार का धन्यवाद करना चाहूंगा । उसी रेल ट्रैक के ऊपर आगे कैथल में भी एक एलीवेटेड रेलवे ट्रैक का कैथल शहर के अंदर सर्वे हुआ था ।

मैं सरकार से अपील करना चाहूंगा कि उसका भी जल्दी बजट जारी करके उसके ऊपर भी इसी तरह काम किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिले ।

महोदया, उसी रेलवे ट्रैक के ऊपर मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंदर कैथल विधान सभा में डांड गांव पड़ता है । वहां पर एक रेलवे स्टेशन है । उस रेलवे स्टेशन का नाम बेहवा रोड रेलवे स्टेशन रखा हुआ है । वहां के लोगों की मांग है कि उसका नाम बदलकर डांड रेलवे स्टेशन किया जाए । यह मेरी आपके माध्यम से सरकार से अपील है । आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए धन्यवाद ।